दिनांक : 27 अक्टूबर 2026

सेवा में,
श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय,
भारतीय स्टेट बैंक
मुख्य शाखा, पटना
जिला – पटना (बिहार)

विषय : उच्च शिक्षा हेतु ₹3,00,000 (तीन लाख रुपये) का शिक्षा ऋण प्रदान करने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं दीपक गुप्ता, आपके बैंक का एक खाताधारक हूँ। मैंने कक्षा 12वीं की परीक्षा 85 प्रतिसत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त, मैंने JEE Main परीक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

महोदय, मैं आगे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता हूँ, लेकिन परिवार की आर्थिक परिस्थितियों के कारण मेरी पढ़ाई का संगूर्ण खर्च वहन करना कठिन हो रहा है। अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए मुझे लगभग ₹3,00,000 (तीन लाख रुपये) की आवश्यक्त्त है। यह राशि मैं अपनी कॉलेज फीस, हॉस्टल खर्च, किताबें और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए उपयोग करना चाहता हूँ।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरी शैक्षणिक योग्यता एवं आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैंक के नियमानुसार मेरे शिक्षा ऋण आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की कृपा करें। मैं बैंक द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक दस्तावेज एवं औपचारिकताएँ पूरी करने के लिए तैयार हूँ।

आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद।

भवदीय,
Deepak Gupta

नाम : दीपक गुप्ता
पिता का नाम : राजेश गुप्ता
बैंक खाता संख्या : 12345678901
मोबाईल नंबर : 9876543210
पता : ग्राम – बिहटा, पोस्ट – बिहटा
जिला – पटना (बिहार)